# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 26.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)
## मुख्य समाचार

1. विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने जामताड़ा में 2 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पुल का किया शिलान्यास, कहा– पुल से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा।

2. धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज होगा आयोजित, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार छात्रों को करेंगे डिग्रियां प्रदान।

3. यात्रियों की सुविधा और परिचालन के बीच संतुलन बनाने के लिए रेलवे ने आज से यात्री किराया ढांचे को किया युक्तिसंगत।

4. राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने रांची सहित 12 जिलों में जारी किया येलो अलर्ट।

5. महिला क्रिकेट में भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा टी–ट्वेंटी मुकाबला खेला जाएगा आज, पांच मैचों की श्रृंखला में भारत 2–0 से है आगे।

************************

विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कल जामताड़ा ज़िले के नाला प्रखंड के सिंदूरकुटिया और साकजोड़ियां गांवों के बीच 2 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को जामताड़ा और पश्चिम बंगाल की ओर आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इससे शिक्षा, व्यापार और स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच भी आसान होगी।

************************

धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज आयोजित होगा, जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में 35 पीएचडी होल्डर सहित यूजी, पीजी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के कुल 220 छात्रों को राज्यपाल के हाथों डिग्री प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रोफेसर डॉ रामकुमार सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह के नाम पर छात्रों से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

************************

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और परिचालन की निरंतरता संतुलित करने के उद्देश्य से आज से यात्री किराये ढांचे को युक्तिसंगत बना दिया है। उपनगरीय सेवाओं और सीज़न टिकटों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संशोधित किराया केवल आज या आज के बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा। इससे पहले बुक किए गए टिकटों पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा, भले ही यात्रा प्रभावी तिथि के बाद की जाए। एक रिपोर्ट –

************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीर बाल दिवस पर आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेता भी मौजूद रहेंगे। वीर बाल दिवस श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के वीरतापूर्ण बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है।

************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में आतंकवाद रोधी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। गृह मंत्रालय ने कहा है कि दो दिन का यह सम्मेलन आतंकवाद रोधी अभियानों में लगे सैन्य बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न होने वाले खतरों पर विचार–विमर्श करने का एक मंच है।

************************

देवघर जिले में साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में सारठ थाना क्षेत्र के सुखजोरा गांव निवासी नितेश कुमार मंडल और मधुपुर थाना क्षेत्र के भेड़वा मोहल्ला निवासी सनम कुमार दास और संजय दास शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से दो मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड और 22 हजार तीन सौ रुपये नकद बरामद किए हैं।

************************

पलामू जिले में महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 54 हज़ार 115 डबल लेयर मिंक कंबल की खरीद की हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

************************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित राज्य के 12 जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान शीतलहर को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में गुमला का न्यूनतम तापमान तीन दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस और रांची के काके का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि रांची, पलामू, गढ़वा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, हजारीबाग और बोकारो में शीतलहर के साथ कोहरा छाए रहने की संभावना है।

************************

महिला क्रिकेट में भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मैच आज तिरुवनंतपुरम में खेला जायेगा। मैच शाम सात बजे शुरू होगा। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत 2–0 से आगे है।

रविवार को पहले मैच में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया था, जबकि मंगलवार को खेले गए दूसरे मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

************************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है रांची समेत 12 जिलों में आज से चलेगी शीतलहर, कांके में पारा 5.3 डिग्री सेल्सियस।

दैनिक भास्कर लिखता है सीटेट के लिए 27 दिसंबर से फिर रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे।

हिन्दुस्तान ने लिखा है धान के पैसे 48 घंटे तो दूर 5 दिन में भी नहीं मिल रहे।

दैनिक जागरण लिखता है रांची सदर अस्पताल में अप्रैल से शुरू से होगा बोन मैरो ट्रांसप्लान्ट।

************************